# सबसे बड़े आईपीओ लॉन्च की तैयारी

## प्रीलिम्स के लिये:

इनिशियिल पब्लिक ऑफरिंग, भारतीय जीवन बीमा निगम

## मेन्स के लिये:

भारतीय जीवन बीमा निगम के IPO जारी करने का महत्त्व

## चर्चा में क्यों?

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020 में 'भारतीय जीवन बीमा निगम'(Life Insurance Corporation- LIC) के 'इनिशियिल पब्लिक ऑफरिंग' (Initial Public Offer-IPO) को जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## प्रमुख बिंदु:

- देश के सबसे पुराने और सबसे बड़े जीवन बीमाकर्त्ता के आकार और पैमाने को देखते हुए भारतीय पूंजी बाज़ार में भारतीय जीवन बीमा निगम का IPO सबसे बड़ा होने की उम्मीद है क्योंकि LIC का IPO देश का सबसे बड़ा IPO माना जाता है।
- वित्त मंत्रालय द्वारा हाल ही में LIC के प्रस्तावित IPO की प्रक्रिया में परामर्श देने के लिये फर्मों, निवेश बैंकरों एवं वित्तीय संस्थानों सहित लेन देन और सलाहकारों से आवेदन प्राप्त किये गए हैं ।
- सरकार द्वारा 'निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग' (Department of Investment and Public Asset Management- DIPAM) की मदद से LIC के IPO को ज़ारी करने से पहले दो सलाहकारों प्री-आईपीओ की नियुक्ति की मांग की गई है। जिन्हें कम से कम 5,000 करोड़ रूपए के आकार के आईपीओ के लेन-देन का सफल प्रबंधन या कम से कम 15,000 करोड़ रूपए के पूंजी बाज़ार के लेन-देन का सफलतापूर्वक प्रबंधन करने का अनुभव हो।

## बीमा बाज़ार में LIC का आकार और स्थिति:

- केंद्र सरकार द्वारा IPO के माध्यम से LIC में अपनी इक्विटी/हिस्सेदारी का 5-10 प्रतिशत बेचने पर **LIC के** शेयर बिक्री सर्वाधिक होने की उम्मीद की जा रही है।
- वर्ष 2018-19 में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ LIC की कुल संपत्ति 31.11 लाख करोड़ रूपए के उच्चतम स्तर पर रही थी।
    - LIC को वर्ष 2018-19 के दौरान अपने इक्विटी निवेश से 23,621 करोड़ रूपए का लाभ प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष के 25,646 करोड़ रूपए से 7.89 प्रतिशत कम रहा था।
- कुल प्रथम वर्ष के प्रीमियम (Total First-Year Premium ) में निगम की बाज़ार हिस्सेदारी 66.24 प्रतिशत तथा वर्ष 2018-19 में नई नीतियों में हिस्सेदारी 74.71 प्रतिशत रही।

## समग्र विनिवेश रोडमैप में LIC की भूमिका:

- बजट वर्ष 2020-21 में, सरकार द्वारा LIC के IPO को जारी करने के लिये एक योजना की घोषणा की गई थी ।
- इस योजना के तहत स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से निजी, खुदरा एवं संस्थागत निवेशकों को आईडीबीआई बैंक में सरकार की इक्विटी बेचने का प्रस्ताव दिया गया।
- भारत सरकार को LIC और आईडीबीआई बैंक में अपनी हिस्सेदारी बेचने से 90,000 करोड़ रुपए और अन्य विनिवेश के माध्यम से 1.2 लाख करोड़ रूपए प्राप्त/जुटाने की उम्मीद है।
- सरकार द्वारा तीन वर्ष पूर्व इससे पहले भी IPO के माध्यम से 'जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन' (General Insurance Corporation)और न्यू इंडिया एश्योरेंस (New India Assurance) के शेयरों को सूचीबद्ध किया गया था।

## इनशियिल पब्लकि ऑफरगि:

- IPO एक ऐसी प्रक्रयिा है जसिके तहत कोई कंपनी पूंजी जुटाने के लयि पहली बार सार्वजनकि तौर पर अपने शेयरों की बकि्री करती है।
- यह नई या पुरानी कंपनी हो सकती है जो कसिी एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने का फैसला करती है और इसके साथ ही वह पब्लकि लसि्टेड कंपनी बन जाती है। इसके बाद शेयर बाज़ार में उसके शेयरों की खरीद फरोख्त होती है।
- कंपनयिाँ इनशियिल पब्लकि ऑफरगि (IPO) के द्वारा सार्वजनकि रूप से नए शेयर जारी करके पूँजी जुटा सकती हैं या फरि मौजूदा शेयरधारक अपने शेयर जनता को बेच सकते हैं।
- इनशियिल पब्लकि ऑफरगि (IPO) के बाद कंपनी के शेयरों का खुले बाज़ार में कारोबार होता है।

## भारतीय जीवन बीमा नगिम:

- यह भारत की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी है तथा देश की सबसे बड़ी नविशक कंपनी भी है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1956 में भारतीय संसद में भारतीय जीवन बीमा अधनियिम पारति करके की गई थी।
- इसका मुख्यालय मुंबई में है।
- भारतीय जीवन बीमा नगिम को बाज़ार में लगातार नवीन और लाभदायक नीतयिों को लाने के लयि जाना जाता है।
- सामान्य तौर पर, LIC पॉलसिी को बीमा बाज़ार में एक बेंचमार्क माना जाता है।

## IPO के माध्यम से प्राप्त अपेक्षति लाभ:

- IPO नशि्चति रूप से LIC के मामलों में पारदर्शति लाएगा।
- यह स्टॉक एक्सचेंजों को समय पर वति्तीय संख्या(Financial Numbers) और अन्य बाज़ार से संबंधति घटनाओं को सूचति करने के लयि महत्त्वपूर्ण होगा।
- IPO के माध्यम से वे नविशक जो अंडरराइटगि लाभ (Underwriting Profit) के साथ-साथ अपने नविशों पर लाभ कमा रहे है। वे नविशक बीमा क्षेत्र की इक्वटिी लेने से भी लाभ अर्जति कर सकते हैं।
- एक्सचेंजों के सूचीबद्ध होने के बाद वभिनि्न इक्वटिी एवं बॉन्ड इंस्ट्रूमेंट्स में LIC नविश (LIC's Investment) भी कड़ी जाँच के दायरे में आ जाएगा जसिसे पारदर्शति को बढ़ावा मलिेगा।

## स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/preparation-for-largest-ipo-launch